## खबर संक्षेप

### बिजौरी में श्रीराम यज्ञ का आयोजन कल से

**उमरियापान।** समीपस्थ ग्राम छोटाकछारगाँव बिजौरी में 1 जनवरी से श्रीराम यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसकी आयोजन समिति द्वारा जोर शोर से तैयारियाँ की जा रही है। आयोजन समिति ने बताया कार्यक्रम 9 जनवरी तक चलेगा। इसमें धर्मप्रिय जनता से पहुँचकर पुण्य लाभ लेने की अपील की गई है।

### स्लीमनाबाद में नगद उर्वरक केन्द्र संचालन का आज अंतिम दिन

**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित, मुख्यालय जहाँगीराबाद भोपाल द्वारा शासन की मंशा के अनुरूप किसानों को रासायनिक उर्वरकों की सुगमता से निकटतम स्थान पर उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से कटनी जिले में डबललॉक केन्द्र बहोरीबंद से संबद्ध अतिरिक्त नवीन नगद उर्वरक केन्द्र स्लीमनाबाद का माह जुलाई 2023 से अब तक संचालन किया जा रहा है। जिला विपणन अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि स्लीमनाबाद के इस नवीन नगद उर्वरक केन्द की संचालन अवधि केवल रविवार 31 दिसंबर 2023 तक के लिए ही निर्धारित की गयी है। माह दिसम्बर 2023 की समाप्ति के साथ ही उक्त केन्द्र का संचालन बंद कर दिया जावेगा। कृषक भाई नगद में उर्वरक डबललॉक केन्द्र कटनी, बहोरीबंद एवं समीपस्थ विपणन सहकारी समिति पानउमरिया से प्राप्त कर सकते हैं।

### केंद्रीय छात्रवृत्ति के लिए आज अंतिम तिथि

**कटनी।** भारत सरकार द्वारा प्रायेजित एवं माध्यमिक शिक्षा मण्डल के माध्याम से महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को वितरित की जाने वाली सेन्ट्रल सेक्टर स्कीम ऑफ स्कॉलरशिप फॉर कॉलेज एण्ड यूनिवर्सिटीज स्टुडेण्ट की नवीन एवं नवीनीकरण छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर निर्धारित की गई है। माशिमं की हायर सेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2023 में उत्तीर्ण 80 से अधिक पर्सेन्टाइल अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी नवीन छात्रवृत्ति के लिए तथा वर्ष 2019 में वर्ष 2022 तक के चयनित विद्यार्थी नवीनीकरण छात्रवृत्ति के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर आवेदन केवल ऑनलाइन ही भरेंगे।

### कॉलेज चलो अभियान के तहत विद्यार्थियों को दी गई जानकारियां



**ढीमरखेड़ा।** सिलौंडी शासकीय महाविद्यालय की टीम ने कॉलेज चलो अभियान अंतर्गत हायर सेकंडरी स्कूलों में पहुँचकर विद्यार्थियों से सम्पर्क शुरू कर दिया है। महाविद्यालय प्राचार्य रतिराम अहिरवार,नोडल अधिकारी ड़ॉ नीता मिश्रा ने सहायक प्राध्यापकों की टीम के साथ सिलौंडी, दशरमन, खम्हरिया बागरी और कछारगांव बड़ा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जाकर विद्यार्थियों को नवीन सत्र 2024-25 में प्रवेश संबंधित जानकारी दी। साथ ही नवीन शिक्षा नीति 2020 के बारे में भी बताया। महाविद्यालय में शासन द्वारा दी जाने वाली विभिन्न योजनाओं जैसे छात्रवृत्ति, गांव की बेटी व छात्रों को शासन द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी अवगत कराया। विभिन्न संकायों में प्रवेश प्रक्रिया एवं स्नातक पाठ्यक्रमों से डिग्री प्राप्त कर रोजगार के अवसरों के जानकारी भी दी। इसके अलावा महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक पंकज मिश्रा, भूपेंद्र शुक्ला, नवीन कालबांधे सहित अन्य स्टाफ ने भी कॉलेज चलो अभियान की जानकारी विद्यार्थियों को दी।

---

अलाव जलाकर कर रहे बचाव, दिन भर गर्म कपड़ों का लेना पड़ रहा सहारा

# ठंड बढ़ने से घरों में दुबकने को रहे मजबूर रात व सुबह कोहरा से आवागमन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कोहरे के चलते तापमान गिरने के साथ जिले में ठंड बढ़ गई है। सुबह और शाम के समय ठंडक अधिक महसूस होने लगी है, दिन में धूप निकलने से थोड़ी राहत जरूर मिल रही है लेकिन ठंडक का अहसास दिन भर बना रहता है। ठंड बढ़ने की वजह से हर वर्ग के लोग सुबह गर्म कपड़ों में दिख रहे हैं। शहर व गांवों के चौक-चौराहों पर लोग कचरा एकत्रित कर आग जलाकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे हैं।

ढीमरखेड़ा - उमरियापान क्षेत्र में शनिवार को सुबह घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के साथ ठंड हवाएं चलने से लोंगों को ठंड का अहसास हुआ। कोहरे और ठंड से लोंगों की दिनचर्या भी प्रभावित हुई। ठंड से राहत के लिए लोंगों ने अलाव का सहारा लिया। शनिवार सवेरे करीब 11.30 बजे तक सूर्य भी बादलों की ओट में छिपा रहा। सर्दी के चलते लोग घरों में दुबके रहे। दोपहर को धुप खिलने के साथ लोगों ने ठंड से थोडी राहत महसूस की। कोहरा छाए रहने से वाहनों को रेंग-रेंगकर चलना पड़ा। वाहन चालकों को हेडलाइट चालू करके चले। ठंडी हवा ने कंपकंपी छूटा दी। सरकारी कार्यालयों में शनिवार का अवकाश होने से कर्मचारियों को राहत मिली। लेकिन सुबह की पारी होने वाली परीक्षा और स्कूल जाने वाले खासकर छोटे बच्चों को परेशानियां झेलनी पड़ी।

शहर व गांवों के चौक-चौराहों पर ठंड से राहत पाने के लिए अलाव जलना भी शुरू हो गया है ताकि ठंड से राहत मिल सके। वहीं बाहर जाने वाले लोग गर्म कपड़ों के साथ जा रहे हैं। ठंड के मौसम शुरू होने के साथ अलसुबह हल्का कोहरा छाया रहता है। ठंड शुरू होने के साथ शहर में गर्म कपड़ों का बाजार सज गया है। कपड़ा व्यवसायी अब जैकेट, शाल, कंबल समेत अन्य गर्म कपड़े बेच रहे हैं। ग्रामीण अंचल में कपड़ा व्यवसायी गर्म कपड़ा का व्यवसाय ज्यादा कर रहे हैं।

शाम होते ही कोहरे का असर दिखना प्रारंभ हो जाता है। जैसे जैसे रात का समय बढ़ता है कोहरा भी घना होने लगता है। लोगों को रात व सुबह शाम अलावा दिन के समय भी गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। हालांकि धूप से कुछ राहत मिल जाती है। लेकिन शाम के समय ठंड का असर शुरू हो जाता है। जैसे-जैसे रात चढ़ती जाती है वैसे-वैसे तापमान गिरने लगता है और ठंड बढ़ती जाती है। राहगीर यात्री वर्ग ठंड की ज्यादा मार झेलते हैं। ठंड के चलते शाम होते ही ग्रामीण पैरा का उपयोग कर अलाव जला रहे हैं। इसके अलावा घरों में गोबर के कंडे, लकड़ी जलाकर ठंड से बचने का प्रयास किया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में ज्यादातर घरों में रात के समय ठंड से बचने के लिए रूम हीटर का भी उपयोग किया जा रहा है।

---



# योजनाओं से हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत शनिवार को जनपद पंचायत ढीमरखेडा के ग्राम हररई व ग्राम कोठी में पीएम जनमन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर अंतर्गत बैगा हितग्राहियों के आधार कार्ड निर्माण, आधार अपडेशन, राशन पर्ची, उज्ज्वला योजना, आयुष्मांन कार्ड आदि के आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण किया गया। इस दौरान आयोजित स्वास्थ्य शिविर में हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण, सिकिल सेल एनीमियां की जॉच हेतु सेम्पल लिए गए व टी.बी. की स्क्रीनिंग की गई।

शिविर में आदिमजाति कल्याण विभाग से संजय कुशवाहा, लक्ष्मी पटेल, रामकृष्ण लोधी सरपंच सीताराम, सचिव धनसिंह परस्ते के अलावा राजस्० विभाग, शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास विभाग, गैस एजेन्सी ढीमरखेडा, स्वास्थ्य विभागौ भ्ळ आदि विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### किसानों को अब तक 120 करोड़ रुपए का भुगतान

**कटनी।** खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 अंतर्गत जिले में अब तक 23 हजार 285 कृषकों से 2 लाख 8 हजार 974 मैट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। साथ ही कृषकों को 120 करोड़ रूपये का भुगतान भी किया जा चुका है। उपार्जित धान 1 लाख 65 हजार 265 मैट्रिक टन के विरूद्ध 1 लाख 9 हजार 701 मैट्रिक टन धान का परिवहन किया जा चुका है।

---

संकल्प यात्रा के तहत 12 पंचायतों में शिविर का आयोजन

# नागरिकों ने लिया भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

केंद्र शासन की योजनाओं का सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शनिवार को 6 जनपद पंचायतों की 12 ग्राम पंचायतों लुहरवारा, गणेषपुर, अमोच, चरगवां, बरहटा, इटौली, इमलिया, तखला, उमरिया, रीठी कुसमा गौरहा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत षिविरों का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया।

यात्रा के दौरान आयोजित शिविरों में आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा एवं वृद्धावस्था पेंशन योजना तथा बैंकों से जुड़ी प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, अटल पेंशन योजना एवं अटल पेंशन योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारीप्रदान की जाकर पात्र हितग्राहियों का पंजीयन कर लाभान्वित किये जाने की कार्यवाही की गई।

शिविरों के दौरान स्थानीय नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इसके साथ ही यात्रा के साथ चल रहे प्रचार रथ से प्रधानमंत्री के सन्देश का प्रसारण किया गया। लोगों को भारत को विकसित बनाने का संकल्प भी दिलाया गया। केंद्र शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके हितग्राहियों ने अपने अनुभव भी सुनाये।

---

## विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति की दी जानकारी



कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खमरिया बागरी एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कछार गांव बड़ा में उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओ के साथ-साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में समस्त छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को अवगत कराया गया जिसमें विद्यालय की प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ आदि के साथ-साथ कॉलेज चलो अभियान की नोडल अधिकारी डॉक्टर नीता मिश्रा महाविद्यालय के प्राचार्य रतिराम अहिरवार, पंकज मिश्रा, भूपेंद्र कुमार शुक्ला सहित स्टाफ के साथ-साथ विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे ।

---

# 14 यात्री बसों की जांच, 88 हजार 742 रूपये का जुर्माना अधिरोपित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशानुसार अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विमलेश गुप्ता के मार्गदर्शन में शनिवार को जिला अंतर्गत संचालित 14 यात्री बसों की जांच की गई। जांच के दौरान बसों के बीमा, परमिट, फिटनेस, लायसेंस, प्रदूषण प्रमाण पत्र सहित ओव्हरलोडिंग आदि से संबंधित दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। जिसमें अभिलेखीय कमियां पाये जाने पर संबंधित वाहनों के विरूद्ध मोटर यान कर एवं समन शुल्क के रूप में कुल 88 हजार 742 रूपये का जुर्माना किया गया।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विमलेश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को कार्यवाही के दौरान यात्री बस क्रमांक यू.पी. 65 ए.आर 9898 के वाहन संचालक से मौके पर 54 हजार 233 रूपये मोटर यान कर एवं यात्री बस क्रमांक एम.पी 34 पी 8611 के वाहन संचालक से 19 हजार 519 रूपये मोटर यान कर के रूप में जमा कराया गया। इसी तरह कार्यवाही के दौरान मोटरयान शुल्क के रूप में कुल 73 हजार 742 रूपये तथा समन शुल्क के रूप में 15 हजार रूपये जमा कराये गए।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि शनिवार को कार्यवाही के दौरान कुल 14 बसों की जांच की गई। कलेक्टर श्री प्रसाद ने बसों के अभिलेखों और फिटनेस से संबंधित बसों की जांच की कार्यवाही जिले मे निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए है। शनिवार को की गई कार्यवाही के दौरान परिवहन कार्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

---

जिला स्तरीय प्रतियोगिता के तीसरे दिन हुए दो मैच

# स्लीमनाबाद और शासकीय तिलक महाविद्यालय की टीम रही विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिला स्तरीय क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता 2023 24 के तीसरे दिन शनिवार को प्रथम मैच साइना कॉलेज और शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद के बीच आयोजित हुआ। टॉस जीतकर शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में गेंदबाजी करने का फैसला किया। साइना कॉलेज ने 10 ओवर में दो विकेट खोकर 47 रन बनाए जवाब में शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद ने स्कोर का पीछा करते हुए पांच ओवर मैं एक विकेट खोकर मैच में जीत हासिल कर ली।

आज का दूसरा मैच शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी और शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद के बीच हुआ टॉस जीतकर शासकीय तिलक महाविद्यालय ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और 9 विकेट खोकर 70 रन बनाए शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद महाविद्यालय 10 ओवर में केवल पांच विकेट खोकर 54 रन बन पाई और शासकीय तिलक महाविद्यालय ने ने 16 रन से मैच को जीत लिया।

### कल होगा फाइनल मैच

प्रतियोगिता का फाइनल मैच शासकीय महाविद्यालय बड़वारा और शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी के बीच 1 जनवरी 2024 को खेला जाएगा। आज आयोजित मैच में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक और कर्मचारियों ने प्रतियोगिता का आनंद लिया और खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया दूसरे मैच से पहले महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार खरे और वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर चित्रा प्रभात द्वारा खिलाड़ियों का परिचय और उत्साहवर्धन किया । प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार खरे के मार्गदर्शन में हो रहा है। निर्णायक के रूप में हिमांशु बल्लभ दास जी और शुभम ने अपनी भूमिका निभाई धीरज डिकोनिया, सुजीत कुमार प्यासी और शैलेंद्र जाट जिले के क्रीड़ा अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। डॉ राजकुमार इस प्रतियोगिता के आयोजन सचिव रहे।

---

अंधेलीबाग मैदान में चल रही लैदरबाल संतोष ट्राफी क्रिकेट प्रतियोगिता

# गोरखपुर को हराकर सेमी फाइनल में पहुँची नागौद टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान





अँधेली बाग मैदान में खेल विकास समिति द्वारा आयोजित संतोष ट्रॉफी में शनिवार को नागौद की टीम ने उत्तरप्रदेश टीम को शिकस्त करते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह सुरक्षित कर लिया है। शनिवार को दूसरा क्वार्टरफाइनल मैच गोरखपुर उत्तर प्रदेश और नागौद के बीच खेला गया। नागौद टीम ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 255 रनों के स्कोर खड़ा किया।बल्लेबाज आकर्ष ने 64 रन,मयूर ने 60 रन,अनुराग ने 48 रन,अम्बिकेश ने 41 रन जबकि अंकित ने 31 रन बनाए।

उत्तर प्रदेश के गेंदबाज गोविंद ने दो विकेट जबकि सत्तार, विकास, रोशन और अमरजीत ने एक-एक विकेट लिया। जबावी पारी खेलने उतरी उत्तर प्रदेश टीम के सभी खिलाड़ी 20वें ओवर में ही 182 रनों के स्कोर पर ही सिमट गए। नागौद ने 73 रनों से इस मैच को जीत लिया है।बल्लेबाज गोलू ने 37रन, बबलू ने 31रन, विकास ने 29 रन जबकि तुषार ने 24 रन बनाए। नागौद के गेंदबाजों में मयूर पटेल ने चार विकेट,आकर्ष और अंकित ने दो दो विकेट जबकि अभिषेक और मोहित ने एक एक विकेट लिया।रविवार को डब्ल्यूसीआर जबलपुर और नरसिंहपुर के बीच पांचवां लीग मैच खेला जाएगा। नागौद के खिलाड़ी मयूर को मैन ऑफ द मैच का पुरुस्कार दिया गया।

मैच में शहीद अहमद व अस्सू चौरसिया ने अंपायर की भूमिका निभाई। वहीं कामेंट्री स्कोर बोर्ड में संदीप चौरसिया, प्रिंस अरोरा, गोल्डी चौरसिया, हनी चौरसिया का सहयोग रहा।स्पर्धा में आज 31 दिसंबर को नरसिंहपुर और डब्लूसीआर जबलपुर के बीच पाँचवा लीग मैच खेला जाएगा।

इस मौके पर कालूराम चौरसिया,पारस पटेल,संतू चौरसिया, सिद्धार्थ दीक्षित, शैलेन्द्र पौराणिक,पुरुषोत्तम पांडेय,तांतू चौरसिया, गोल्डी चौरसिया,लकी चौरसिया,हनी चौरसिया, अंकित झारिया,शैवाल अरोरा, पप्पू चौरसिया सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों की उपस्थिति रही।

---

# मत्स्य योजना में शामिल होकर लाभ लेने का आज अंतिम मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मत्स्य पालन से जुड़े कृषकों अथवा मत्यस्यिकी से जुड़ने हेतु इच्छुक व्यक्तियों के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 से भारत सरकार के मत्यस्यिकी विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की कार्ययोजना प्रेषित किये जाने के उद्देश्य से सहायक संचालक मत्स्योद्योग ने उक्त योजना में सम्मिलित गतिविधियों से लाभ लेने हेतु इच्छुक व्यक्तियों से 31 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित किये हैं। सहायक संचालक मत्स्योद्योग ने कहा है नियमानुसार सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग के कृषकों को योजना लागत का 40 प्रतिशत एवं अनुसूचित जनजाति, महिला वर्ग को 60 प्रतिशत अनुदान प्रदाय करने के प्रावधान है। उक्त योजना का मुख्य ध्येय मछली उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि, गुणवत्ता, तकनीकी, आधारभूत संरचना एवं प्रबंधन के अंतर को कम करना, मूल्य श्रंखला का आधुनिकीकरण एवं सुदृढीकरण, मजबूत मत्स्य पालन-प्रबंधन ढांचा की स्थापना एवं मछुआरों का कल्याण, जिससे मछुआरों एवं मत्स्य कृषकों की आय दोगुनी होगी और इस प्रकार यह सामाजिक, भौतिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में सहायक होगा। योजना के अंतर्गत कार्यक्रम की सूची अनुसार नवीन तालाब का निर्माण (0.1 हेक्टेयर से 2.00 हेक्टेयर तक), मत्स्य बीज उत्पादन हेतु नए मत्स्य हैचरी की स्थापना, नवीन मत्स्य बीज संवर्धन हेतु रियरिंग पोखर, तालाब का निर्माण, मिश्रित मत्स्य पालन, पंगेशियस, तिलापिया मछली पालन हेतु इनपुट्स की व्यवस्था, थोक मछली बाजार का निर्माण शामिल हैं।

## खबर संक्षेप



### खुले में मांस मछली विक्रय करने पर ननि ने की कार्यवाही

**कटनी।** सरकार के निर्देशानुसार खुले में मांस मछली के विक्रय पर प्रतिबंध लगाये जाने के आदेश पर नगर पालिक निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल के निर्देशन में स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी एवं निगम टीम ने नगरीय क्षेत्र में भ्रमण कर खुले में मांस व मछलियों का विक्रय करने पर सख्त कार्यवाही की। आचार्य कृपलानी संतकंवरराम एवं बाबा नारायण शाह वार्डो में नगर निगम कर्मचारियों की संयुक्त टीम के द्वारा बिना अनुमति खुले में व्यवसाय कर रहे 06 दुकानदारों को बंद कराने की कार्यवाही की गई ।

### एक करोड़ से अधिक की कर चोरी, जमा कराई राशि

**कटनी।** जिले के एक कोयला व्यापारी की दो कम्पनी में कर अपवंचन को लेकर जीएसटी जबलपुर की टीम ने दबिश दी। जांच के बाद टीम ने एक करोड़ से अधिक की कर चोरी पाई है और कंपनी पर जुर्माना लगाया है। जानकारी के अनुसार दक्ष्य मल्टी ट्रेडर्स प्राइवेट लिमिटेड और दुर्गा मिनरल्स के नाम से अरुण गोयल की दो कोयला सप्लाई कंपनी हैं। जिस पर जीएसटी जबलपुर की टीम ने कर चोरी की सूचना पर दबिश दी। टीम के सदस्यों ने दोनों कंपनी में दस्तावेजों की जांच की। जिसमें कर चोरी सामने आई। अधिकारियों ने जांच के दौरान दक्ष्य लिमिटेड में 66 लाख 55 हजार रुपए और दुर्गा मिनरल्स में 37 लाख 50 हजार रुपए का कर अपवंचन पाया है। गोयल की दोनों कंपनी में एक करोड़ चार लाख रुपए की कर चोरी पाए जाने के साथ अधिकारियों ने राशि जमा कराई गई है।

### एक बाइक में 6 सवार, 500 रूपए जुर्माना



**कटनी।** यातायात पुलिस ने पुलिस लाइन के पास मुख्य मार्ग पर बसों, चार पहिया व दोपहिया वाहनों की जांच की। जांच के दौरान यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडेय व उनकी टीम ने एक दोपहिया वाहन रोका, जिसमें एक ही परिवार के छह लोग सवार थे। वह भी देख अचंभित हो गए। मोटर साइकिल सवार कटनी निवासी फुरकान अंसारी ने बताया कि वे पीरबाबा से कटनी अपने घर जा रहे हैं। जिसपर यातायात पुलिस ने दो से अधिक सवारी दोपहिया में न बैठाने की हिदायत दी। साथ ही उनपर पांच सौ रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माने की कार्रवाई के साथ परिवार के सदस्यों को यातायात थाना प्रभारी ने ई-रिक्शा के माध्यम से घर भेजा। दिन से लगातार वाहनों की जांच की जा रही है। जिसमें विशेष रूप से बसों की फिटनेस, बीमा, परमिट के साथ उसमें उपलब्ध संसाधनों की जांच की जा रही है।

### खम्हरिया बागरी में हुआ संकल्प यात्रा का कार्यक्रम



**सिलौंडी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम ग्राम पंचायत खम्हरिया बागरी में हुआ । जहां पर कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय ,सरपंच अनिल बागरी के मुख्यातिथ्य में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर 19 विभागों का स्टाल कार्यक्रम में लगा तथा हितग्राहियों ने बड़ी संख्या में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । जनता की समस्याओं का तुरंत ही निराकरण भी हुआ । इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति स्कूली बच्चों के द्वारा की गई तथा । इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेश राय , पूर्व मंडल अध्यक्ष किशन राय सिलौंडी नायाब तहसीलदार दिनेश आसाठी गोविंद सिंह सहित अन्य गण मान्य जन मौजूद रहे।

### घुघरी गांव का मामला, शिकायत के बाद भी ध्यान नहीं दे रहे जिम्मेदार

# जगह जगह कचरे व गंदगी के अंबार गांव में संक्रमण का बढ़ रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

एक ओर जहां संक्रमण से बचाव के लिए साफ-सफाई को लेकर जागरूक किया जा रहा है। इधर घुघरी ग्राम पंचायत के जिम्मेदार बीमारियों से बचाव के लिए साफ-सफाई कराने में बेपरवाह बने हुए है। स्थिति ऐसी है कि हर ओर साफ-सफाई की बात हो रही है पर घुघरी में जिम्मेदारों की कोई चिंता ही नहीं दिख रही है। घुघरी गांव में हर ओर गंदगी फैले होने से लोग अब बीमारी की आशंका को लेकर भयभीत हो रहे हैं।

लोगों का कहना है कि संक्रमण से बचाव करते-करते गांव में फैली गंदगी से कहीं कोई दूसरी बीमारी ना फैल जाए। आलम है कि घुघरी गांव के मुख्य सड़क से लेकर गली-मोहल्ले तक कचरे का अंबार लगा दिख रहा है। सड़कों पर जल जमाव भी है। जगह जगह





गंदगी बिखरी पड़ी है। कचरा से फैल रही बदबू बीमारी को दावत दे रही है। गांव में सड़क किनारे से लेकर बस्ती अंदर की नालियां भी कचरे से पटी हुई है। लेकिन समुचित ढ़ंग से गांव में साफ-सफाई नहीं हो रही है। बदबू से गांव के ग्रामीण परेशान हैं। राहगीर भी मुंह में कपड़ा रखकर निकल रहे हैं।गन्दगी के चलते मच्छर के बढ़ते प्रकोप को कम करने के लिए फॉगिंग भी नहीं हो रही है और संक्रमण के भय के बीच डंक लोगों को और भयभीत कर रहा है।ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों से साफ सफाई को लेकर अनेकों बार अवगत कराया, लेकिन ग्राम पंचायत के सचिव- सरपंच इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसी के चलते गांव में गन्दगी के ढ़ेर बढ़ते जा रहे हैं।

# प्रधानमंत्री छात्रों, अभिभावकों सहित शिक्षकों से करेंगे चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रति वर्ष की भांति सातवीं बार शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में कक्षा 6 से 12 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों से परीक्षा पे चर्चा करेंगे, जिससे कि छात्र-छात्राओं को उनकी सभी आकांक्षाओं और लक्ष्यों को पूरा करने में सक्षम बनाया जा सके। इस हेतु विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के लिए पृथक-पृथक बहुविकल्पीय प्रश्न आधारित चयन प्रतियोगिता के माध्यम से मध्यप्रदेश के 102 विद्यार्थियों, 10 शिक्षकों तथा 10 अभिभावकों को प्रधानमंत्री से चर्चा करने का अवसर मिलेगा।

इस संबंध में सभी जिलों में अधिकाधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों, प्राचार्यों एवं अभिभावकों की विषयांकित चयन प्रतियोगिता में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए बैनर स्कूल शिक्षा विभाग से संबंधित समस्त कार्यालयों एवं स्कूलों की वेबसाईट तथा मुख्य स्थानों पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं। यह बैनर वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। इसके अलावा सीबीएसई एवं माध्यमिक शिक्षा मण्डल से संबद्ध समस्त शासकीय एवं अशासकीय शालाओं के संस्था प्रमुख व प्राचार्यों को जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर बैठकें लेकर अधिकतम संख्या में शिक्षकों, विद्यार्थियों तथा अभिभावकों को प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु निर्देशित एवं प्रोत्साहित करने के लिए निर्देशित किया है।

समस्त हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी प्राचार्य तथा समस्त शिक्षक लिंक के माध्यम से अपने मोबाइल नंबर अथवा ई मेल आईडी के माध्यम से लॉगिन कर ओटीपी के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शिक्षक को निर्धारित लिंक पर जाकर 5 बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर क्लिक करने होंगे। इसी तरह विद्यार्थियों को भी प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। जिन विद्यार्थियों के पास इंटरनेट, ई-मेल आईडी या मोबाइल नंबर नहीं हैं, वे शिक्षक के माध्यम से भागीदारी विकल्प पर जाकर भाग ले सकते हैं। प्रत्येक शिक्षक लॉगिन के जरिए एक या एक से अधिक छात्रों की प्रविष्टियों का एक के बाद एक सही विवरण जमा कर सकते हैं।

### संकल्प यात्रा में पात्र हितग्राहियों को किया गया लाभांवित

# डांस और गीत क्विज प्रतियोगिता में बच्चों को पुरस्कृत कर किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले की समस्त जनपद पंचायतों के ग्रामीण क्षेत्रों की 12 ग्राम पंचायतों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत के निर्देश पर चिन्हित ग्राम पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्राओं के दौरान शिविरों को आयोजित कर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किए जाने का सिलसिला जारी है।



विकासखंड ढीमरखेड़ा के गौरा एवं खमरिया बागरी, कटनी के पटवारा, मतवार पड़रिया और जटवारा,रीठी के नयाखेड़ा और बड़गांव विजयराघवगढ़ के हरदुआ हनुमान और बम्होरी, बड़वारा के खरहटा और देवरी, बहोरीबंद में खिरहनी और पहरुआ ग्रामों में पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित कराया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण जन आयोजित कार्यक्रमों में उत्साह पूर्वक भागीदारी करते हुए शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से रूबरू हुए। विकासखंड कटनी के ग्राम पटवारा में बच्चों की नृत्य और गीत क्विज प्रतियोगिता में सम्मिलित होने पर पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। विकासखंड ढीमरखेड़ा की संकल्प यात्राओं में जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय, मंडल अध्यक्ष प्रशांत राय सरपंच कौशल्या ठाकुर एपीओ मनरेगा डॉक्टर अजीत सिंह एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी रही।विधानसभा मुड़वारा की जनपद पंचायत कटनी के सेक्टर कन्हवारा की ग्राम पंचायत पटावारा, जटवारा, मतवारा, पडरिया, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के सेक्टर कारीतलाई की ग्राम पंचायत हरदुआ हनुमान, बम्हौरी जनपद पंचायत ढ़ीमरखेड़ा के सेक्टर सिलौंड़ी ग्राम पंचायत गौरा, खमरिया बागरी, जनपद पंचायत बड़वारा के बसाड़ी की ग्राम पंचायत खरहटा में देवरी में जनपद पंचायत बहोरीबंद के की ग्राम पंचायत पड़वार एवं तिहारी तथा जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत नयाखेड़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम संपन्न हुये। इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणजनों, किसानों, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं आदि ने सहभागिता की।

## आबकारी अमले ने कार्यवाही कर जब्त की शराब



आबकारी अमले द्वारा आबकारी वृत्त ढीमरखेडा के ग्राम देवरी, पहरूआ, खम्हरिया में मदिरा का अवैध रुप से निर्माण संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान आबकारी की टीम ए द्वारा कुल 150 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 13 लीटर अबैध हाथ भट्टी मदिरा जप्त की गई। कार्यवाही में जप्त किये गये लहान तथा मदिरा की अनुमानित राशि लगभग 16 हजार 950 रूपये है। इस दौरान 04 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा के पंजीबद्ध किये गये तथा मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर नष्ट किया गया। कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक एस.डी. सिह, आबकारी आरक्षक शिवमूरत नामदेव सम्मिलित रहे। जिला आबकारी अधिकारी श्री बघेल ने बताया कि जिले में इस प्रकार की दबिश की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# पीएम जनमन योजना के तहत आधा दर्जन गांवों में आयोजित होंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत संबंधित विभागों द्वारा संचालित योजनाओं में चयनित 6 ग्रामों में बैगा हितग्राहियों को शत- प्रतिशत लाभान्वित किया जाना है। प्रभारी कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिविर गेमावत द्वारा जिला अन्तर्गत विकासखण्ड ढीमरखेडा के विशेष पिछडी जनजाती बैगा समुदाय की 50 से अधिक की जनसंख्या वाले ग्रामों में शिविर का आयोजन एवं अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु आदेशित किया गया है।

योजना के तहत विकासखण्ड बड़वारा के ग्राम कनौर एवं पथवारी तथा विकासखण्ड ढीमरखेडा के ग्राम छीतापाल में बैगा समुदाय की जनसंख्या 50 से कम होने पर संबंधित विभाग को अमले को भेजकर योजनाओं के संबंध मे प्रचार प्रसार करते हुए हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु निर्देशित किया है

### ग्रामवार शिविर आयोजित

जिपं सीईओ द्वारा जारी आदेशानुसार विकासखण्ड ढीमरखेडा अंतर्गत प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित होनें वाले शिविरों के तहत शुक्रवार को ग्राम हररई की ग्राम पंचायत भवन सगौना में शिविर का आयोजन किया जाकर पात्र हितग्राही को योजनाओ से लाभान्वित किया गया। इसी क्रम में 2 जनवरी 2024 को ग्राम मारसिहुड्डी के ग्राम पंचायत भवन पाली में शिविर का आयोजन किया जाकर हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा।

प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत आयोजित ग्रामों में शिविरों के दौरान आधार कार्ड, निर्माण, पी.एम.गरीब कल्याण अन्न योजना, उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम नेश्नल डायलेसिस प्रोग्राम, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन प्रोग्राम, पीएम सुरक्षित मात्रत्व अभियान, सिकल सेल मिशन, पी.एम. किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पी.एम. जनधन योजना, पी.एम जीवन ज्योति योजना, पी.एम.सुरक्षा बीमा योजना, पेंशन योजना, पी.एम. विश्वकर्मा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना एवं पी.एम. मातृ वंदना योजना से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जोयगा।

### जिला सीईओ ने विभागीय अधिकारियों को सौंपा दायित्व

# विशेष पिछडी जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में सर्वे अनुसार कार्ययोजना बनाने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान का शुभारंभ किया गया है। विशेष जनजातीयों के लिए अधोसंरचना विकास एवं सामाजिक-आर्थिक पिछड़ा पन को दूर करने हेतु यह योजना तीन वर्ष तक क्रियांवित की जायेगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत शिविर गेमावत द्वारा जिले में इस योजना के तहत 9 मंत्रालयों के माध्यम से क्रियान्वित की जाने वाली गतिविधियों पर आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत द्वारा जारी आदेशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत सभी कच्चे मकान वाले विशेष पिछडी जनजाति के व्यक्तियों को पक्के मकान का प्रावधान की कार्यवाही का उत्तरदायित्व पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को सौंपा गया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्राम बसाहट तक सम्पर्क सड़क की कार्यवाही का उत्तरदायित्व पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को सौंपा गया है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत 10 चलित चिकित्सा इकाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की कार्यवाही हेतु स्वास्थ्य विभाग, समग्र शिक्षा अभियान के तहत कार्यवही का दायित्व शिक्षा एवं साक्षरता मिशन को सौंपा गया है। नवीकरणीय उर्जा मंत्रालय योजना के तहत सभी गैर विद्युतिकृत घरों में उर्जीकरण की कार्यवाही का दायित्व उर्जा मंत्रालय को सौंपा गया है। इसी तरह जल जीवन मिशन योजना के तहत सभी विशेष पिछडी जनजाति के व्यक्तियों के निवास में नल से जल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा जल जीवन मिशन योजना के तहत 20 से कम जनसंख्या वाले ग्रामों एवं बस्तियों में सामुदायिक जल उपलब्धता की कार्यवाही का उत्तरदायित्व जल शक्ति मिशन को सौंपा गया है।

महिला एवं बाल विकास विभाग की योजना के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण एवं संचालन की कार्यवाही का उत्तरदायित्व महिला एवं बाल विकास विभाग को सौंपा गया है, वन विभाग अंतर्गत वन धन विकास केन्द्र की स्थापना की कार्यवाही का उत्तरदायित्व वन विभाग को सौंपा गया है। जिला पंचायत की योजना अंतर्गत बहुउद्देशीय केन्द्रों का निर्माण की कार्यवाही हेतु जिला पंचायत को तथा जनजातीय कार्य विभाग की योजना के तहत छात्रावासों का निर्माण एवं संचालन की कार्यवाही हेतु जनजातीय कार्य विभाग को दायित्व सौंपा है। नवीन सौर उर्जा योजना के तहत बहुउद्देशीय केन्द्रों एवं सड़कों पर सौर प्रकाश एवं 0.3 किलोवाट सौर उर्जा ग्रिड का प्रावधान की कार्यवाही का उत्तदायित्व नवीन सौर उर्जा मंत्रालय को सौंपा गया है। दूर संचार विभाग की योजना अंतर्गत मोबाईल टावर्स की स्थापना की कार्यवाही हेतु दूर संचार विभाग तथा समग्र शिक्षा अभियान एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास की कार्यवाही का उत्तरदायित्व सौंपा है।

### पुलिस कर्मियों के मानसिक तनाव को दूर करने खेलकूद प्रतियोगिता

# रस्साकसी, मटकी फोड़ व कुर्सी दौड़ में पुलिस कर्मियों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस कर्मियों के ऊपर कार्य के बढ़ते दवाब और मानसिक व शारीरिक शिथलता को दूर करने एवं पुलिस बल में आपसी सौहार्द, समन्वय व एकता की भावना एवं मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिसकर्मियों के बीच खेलकूद, गायन एवं बड़े भोज का आयोजन कर पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन द्वारा नवाचार किया गया है। इसमें अनुविभाग स्तर पर टीम गठित कर विभिन्न खेलकूद कुर्सी दौड़, रस्साकस्सी, मटकी फोड प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। खेलों का आयोजन पुलिस लाईन ग्राउंड में किया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों के चेहरे पर खुशी देखते ही बन रही थी।

### अनुविभाग स्तर पर भिड़ी टीमें





रस्साकस्सी प्रतियोगिता शहर, विजयराघवगढ, स्लीमनाबाद अनुभाग की टीमो के बीच खेला गया, जिसमें शहर की टीम द्वारा विजय प्राप्त की गई। मटकी फोड में कोतवाली टीआई आशीष शर्मा, कुठला टीआई अभिषेक चौबे, सूबेदार मोनिका खडसे, म.आर. दीक्षा जैन, आरक्षक अमित सिंह मटकी फोडकर विजेता बने। कुर्सी दौड प्रतियोगिता में उनि. प्रतीक्षा चंदेल विजेता एवं थाना प्रभारी यातायात रनि. राहुल पाण्डेय उपविजेता रहे।

एसपी श्री रंजन द्वारा बीते दिनो संपन्न हुये चुनाव एवं त्यौहारो में अथक परिश्रम व लगन से ड्यूटीरत रहकर सकुशलता से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पुलिसकर्मियों की सराहना की गई । उन्होंने कहा कि इस तरह के सामूहिक भोज के आयोजन से पुलिस में एक परिवार की भावना विकसित होती है।

पुलिस अधीक्षक श्री रंजन के निर्देशन में रक्षित निरीक्षक श्रीमती संध्या राजपूत द्वारा उपरोक्त कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित कराया गया। सफल आयोजन के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा रक्षित निरीक्षक कटनी संध्या राजपूत की प्रशंसा की गई।

### भोज में ये हुए शामिल

भोज के आयोजन के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया, सीएसपी श्रीमति ख्याति मिश्रा, एसडीओपी स्लीमनाबाद अखिलेश गौर, एसडीओपी वि.गढ केपी पटेल, डीएसपी अजाक प्रभात शुक्ला, कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा, कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, स्लीमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दहिया, विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी अनूप सिंह ठाकुर, बरही थाना प्रभारी अरविंद चौबे सहित शहर एवं देहात के थाना, चौकी प्रभारी अपने दल-बल के साथ उपस्थित रहें।

# सामुदायिक भवनों के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर पालिक निगम सीमांतर्गत स्थित सामुदायिक भवनों में वार्डवासियों द्वारा आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों के लिए निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल ने नगर निगम के आर्थिक हितों को दृष्टिगत रखते हुये सामुदायिक भवनों का किराया निर्धारण करने निर्देश दिये है तथा वार्ड के स्वच्छता पर्यवेक्षकों को सामुदायिक भवनों के संचालन एवं संधारण करने नगर निगम द्वारा सामुदायिक भवन के उपयोग की स्वीकृति उपरांत नगर निगम कोष में राशि जमा होने एवं उपयोगकर्ता द्वारा विद्युत व्यवस्था कराकर लेने के बाद ही सामुदायिक भवन का ताला कार्यक्रम हेतु खोले जाने कहा है। आयुक्त ने कहा कि कार्यक्रम उपरांत सामुदायिक भवन की चाबी वार्ड दरोगाओं के पास रखवायी जाये। देखने में आया है कि सामुदायिक भवनों में कार्यक्रम की अनुमति नहीं ली जा रही है और ना ही नगर निगम कोष में निर्धारित राशि जमा कराई जा रही है।

निगमायुक्त ने नगर निगम के आर्थिक हितों को दृष्टिगत रखते हुये वार्डो में पदस्थ सभी स्वच्छता निरीक्षकों को अपने-अपने वार्डो में स्थित सामुदायिक भवनों की चाबी नगर निगम के बाजार शाखा में श्री राकेश तिवारी सहायक ग्रेड-3 के पास 24 घंटे के अंदर जमा कराने के निर्देश दिये है तथा नागरिकों द्वारा कार्यक्रम हेतु कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जाने निर्धारित दर अनुसार नगर निगम कोष में राशि जमा कराने आयोजक द्वारा विद्युत व्यवस्था स्वयं के व्यय से करने के उपरांत ही सामुदायिक भवन के उपयोग हेतु स्वच्छता पर्यवेक्षक बाजार शाखा से चाबी प्राप्त कर ताला खोलने तथा सामुदायिक भवन में कार्यक्रम / आयोजन होने के पश्चात पुनः चाबी बाजार शाखा में जमा करने के निर्देश दिये।

**खबर संक्षेप**

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में विधायक प्रहलाद लोधी हुए शामिल



**सिमरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा दिनांक 30 दिसम्बर 2023 को ग्राम पंचायत मधपूरा में नव निर्वाचित विधायक पहलाद लोधी की अध्यक्षता में प्रशासन के साथ सब की समस्याओं का निराकरण करते हुए मोदी की योजनाओं के बारे में लोगों को बताया विधायक ने कहा कि अंतिम छोर तक के लोगों को प्रधानमंत्री की जितनी भी योजनाएं हैं उन सभी योजनाओं को फायदा मिलेगा।

### सड़क में हादसे घटित होने से निर्माणाधीन कार्य एजेन्सी पर लग रहे प्रश्न चिन्ह

**पन्ना।** निर्माणाधीन पन्ना से पहाड़ीखेड़ा मार्ग लम्बे अर्से से सुर्खियां बटोर रहा है जिसमें जिम्मेदार कार्य एजेन्सी व मॉनीटरिंग करने वाले अधिकारी आखिरकार सड़क के मानको को ध्यान में रखकर निर्माणाधीन सड़क पर कब गंभीर होगें ताकि असमायिक सड़क में घटने वाले हादसों में लगे विराम। पन्ना से पहाड़ीखड़ा मार्ग जो निर्माणाधीन है जिसकी अनुमानित लागत 82 करोड़ बताई जा रही है। इस सड़क के निर्माण को लेकर जहां लम्बे अर्से से कार्य एजेन्सी की लापरवाही व जिम्मेदार मॉनीटरिंग अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लग रहे है। इतना ही नहीं इस सड़क में कई हादसे इस दौरान घटित हो चुके है। जिससे असमायिक कई लोगों की मौते हो चुकी है। ऐसी ही दास्ता विगत दो दिवस पूर्व जहां मोटरसाईकिल चालक जो मिक्सर वाहन से टकरा गये और मौत हो गई। यहां लोगों में कार्य एजेन्सी के ठेकेदार पर इस तरह की मौतों को लेकर लापरवाही पूर्वक सड़क के निर्माण में जो कार्य किये जा रहे है जिस पर सुरक्षा मानको का ध्यान नहीं रखा जा रहा। वहीं जिम्मेदार मॉनीटरिंग करने वाले उपयंत्री पर भी आरोप लग रहे है। यहां यह दास्ता कब तक इस तरह कायम रहेगी आखिर कितनी मौते इस सड़क के निर्माण में होती रहेगी व जिम्मेदार बेखबर बने रहेगे। क्या वरिष्ठ अधिकारी इस सड़क की कार्य एजेन्सी व निर्माणाधीन सड़क में जो मानक तय है उन पर गौर किया जायेगा। वहीं जिस तरह से आरोप उपयंत्री पर लग रहे सांठगांठ को लेकर क्या संबंधित उपयंत्री को इस सड़क से अलग किया जायेगा। या उस पर कार्यवाही तय की जायेगी।

स्थानीय स्तर पर रोजगार न मिलने से बन रही समस्या तेंदूखेड़ा विकासखंड क्षेत्र में

# क्षेत्र में रोजगार के साधनों का अभाव, पलायन बना मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



अब लोगों का काम की तलाश में दूसरे जिलों व राज्यों के लिए पलायन शुरू हो गया है। क्योंकि तेंदूखेड़ा विकासखण्ड क्षेत्र में रोजगार के साधन न होने से मजदूर वर्ग के लोग पलायन करने विवश होते हैं। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम सहजपुर ,पाडाक्षिर ,खकरिया ,हुलासपुरा ,इमलीडोल , के मजदूर धीरे-धीरे अब कामकाज के लिए पलायन करना शुरू कर दिए है।

जानकारी के अनुसार इस क्षेत्र से बड़ी तादाद में ग्रामीण मजदूरी करने के लिए बाहर जाते हैं। श्रमिक रेखा बाई, गौरा बाई, अंजू बाई, सुमंत्रा बाई ने बताया कि विधानसभा चुनाव का हमने तो वोट डाल दिया है। अब काम धंधा करने जा रहे है। कोई बसों से तो कोई निजी वाहन व्यवस्था करके जा रहे जो इन दिनों देखने को मिल रहा है। ताकि परिवार का भरण-पोषण हो सके।

### क्षेत्र में रोजगार के साधनों का अभाव

विकासखंड क्षेत्र में कहीं भी कोई रोजगार के साधन उपलब्ध नहीं है जिससे यही ग्राम स्तर पर कामकाज किया जा सके। पूर्व में खेती-किसानी का कार्य मिल जाता रहा, लेकिन वर्तमान में खेती का कार्य भी मशीनों के माध्यम से हो रहा है, जिससे श्रमिक वर्ग को काम नहीं मिल पा रहा है। मजदूर दूसरे जिलों के अलावा राज्यों को भी जा रहे है।

### मनरेगा योजना नहीं बन रही सहारा

श्रमिक वर्ग को ग्राम पंचायत स्तर पर रोजगार उपलब्ध हो सके इसके लिए केंद्र सरकार के द्वारा मनरेगा योजना चलाई जा रही है। प्रत्येक श्रमिक को वर्षभर में 100 दिवस का कार्य दिया जाता है जिसकी जवाबदेही ग्राम पंचायत की होती है। लेकिन वर्तमान में मनरेगा योजना के कार्य ग्राम पंचायत स्तरों पर समुचित रूप से चल नहीं रहे, जिससे मजदूरों को रोजगार उपलब्ध नही हो पा रहा है। श्रमिकों का कहना है कि मनरेगा योजना में काम तो कर ले लेकिन समय से मजदूरी नहीं मिलती है।

विद्यालय प्रबंधन समिति के संचालक श्री देवेंद्र राय जी ने कहा कि सभी विज्ञान प्रदर्शनी के प्रतिभागियों को 26 जनवरी को पुरस्कृत किया जाएगा । विज्ञान शिक्षिका श्रीमती प्रियंका शिंदे ने सभी छात्रों का उत्साह बढ़ाया एवं मॉडल बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की सह प्राचार्य श्रीमती कल्पना सैनी ने किया एवं आगंतुक अतिथियों मुख्य अतिथि का आभार विद्यालय के प्राचार्य जितेन्द्र बिल्थरे ने किया ।

## श्रीकृष्ण और रुकमणी विवाह की अमृत वर्षा का श्रद्धालुओं को कराया रसपान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



बटियागढ़ के टेढ़ा धाम सिद्ध श्री मनसा पूरण हनुमानजी मंदिर के महंत श्री श्री 108 श्री रधुनाथ दास जी महाराज के सानिध्य में कथा व्यास पंडित संजय शास्त्री जी के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन श्रीकृष्ण और रुकमणी के विवाह की अमृत वर्षा का श्रद्धालुओं को रसपान कराया। 'छठे दिन कथा व्यास संजय शास्त्री जी' ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य महारास लीला का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान की महारास लीला इतनी दिव्य है कि स्वयं भोलेनाथ उनके बाल रूप के दर्शन करने के लिए गोपी बनकर गोकुल पहुंच गए। मथुरा गमन प्रसंग में अक्रूर जी भगवान को लेने आए। जब भगवान श्रीकृष्ण मथुरा जाने लगे समस्त ब्रज की गोपियां भगवान कृष्ण के रथ के आगे खड़ी हो गईं। कहने लगी हे कन्हैया जब आपको हमें छोड़कर ही जाना था तो हम से प्रेम क्यों किया। गोपी उद्धव संवाद, श्री कृष्ण एवं रुकमणी विवाह उत्सव पर मनोहर झांकी प्रस्तुत की ई। और भगवान श्री कृष्ण रुकमणी जी के समस्त श्रद्धालु भक्तजनों और धूमधाम से संपन्न भगवान श्री कृष्ण और रुक्मणी जी के पैर धोकर पैर पकड़ कर पूजा अर्चना करते हुए दान भेंट चढ़ा कर श्री कृष्ण भगवान की मंगला आरती गाकर विवाह संपन्न कराया। कथा के मुख्य यजमान जगदीश प्रसाद रावत जो छतरपुर निवासी परिवार द्वारा कराई जा रही हैं। श्रीमद् भागवत कथा का सातवां दिन कृष्ण सुदामा चरित्र होगा।

## विलेज भौंरासा में भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन

**दमोह।** नीति आयोग आई.टी.सी. मिशन सुनहरा कल एन.सी.एच.एस.ई. द्वारा आई.टी.सी. के मॉडल विलेज मे पी.एम.सी. का भ्रमण कार्यक्रम एफ.एफ.एस. विलेज भौंरासा में किया गया, जिसमें कृषि वैज्ञानिक डॉ. आर.एस. द्विवेदी, डॉ. अनूप बड़गैया, उप संचालक पशुपालन विभाग डॉ. ए.डब्लू. खान, ए.डी.ए. कृषि एस.एल. कुर्मी, ए.डी.ए. कृषि एवं नीति आयोग नोडल जे.एल. प्रजापति, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी उमाशंकर प्रजापति, वरिष्ठ उद्यानिकी अधिकारी गणेश पटेल, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी आर.जी. तिवारी एवं पी.एस. लोधी द्वारा रबी सीजन में मुख्य रूप से बुआई की जाने वाली दलहनी फसलों चना व मसूर एवं गेंहू के बारे में गाँव के किसानों से विस्तार से चर्चा की साथ ही आईटीसी मिशन सुनहरा कल द्वारा बनाई गई कृषि कार्यमाला के आधार पर खेती कर रहे मॉडल विलेज के किसानों के डेमो प्लॉट चना, मसूर आदि फसल विविधीकरण के अंतर्गत मिर्ची व कपास, कृत्रिम गर्भाधान से उन्नत नस्ल, केंद्रीय बैकयार्ड योजना अंतर्गत मुर्गी पालन इकाई का भ्रमण किया, साथ ही कृषि विभाग के समस्त अधिकारियों द्वारा आई.टी.सी. मिशन सुनहरा कल द्वारा बनाई गई कृषि कार्यमाला के आधार पर कम लागत में अधिक उत्पादन कैसे लिया जाये, जिसके लिए गांव के अन्य किसानो को भी इस प्रकार की खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया गया एवं कृषि विभाग व संबंधित अन्य विभागीय प्रमुख योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई एवं इनका लाभ कैसे लिया जाये उसके बारे में विस्तार से बताया गया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव-गांव जाकर दे रही योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव-गांव जाकर केंद्र सरकार व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचा रही है। यात्रा हरदुआ महुआखेड़ा पहुंची मौजूद विभागीय अधिकारियों इस यात्रा के माध्यम से लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करना है। उनकी शत-प्रतिशत परिपूर्णता सुनिश्चित करना है। यह यात्रा जनपद क्षेत्र के कोने-कोने में समाज के सभी वर्गो विशेषकर, वंचित वर्गों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की एक अनूठी पहल है। यात्रा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमल सिंघई जनपद सदस्य, प्रतिनिधि इंद्रजीत सिंह, निजाम सिंह लोधी, हल्कू सिंह, राजेश सदर, नारायण सिंह, परम सिंह, आशा भाई, सरपंच गया प्रसाद गर्ग, भूपत सिंह, शिवराज पटेल, दुर्ग सिंह, उपसरपंच विजय सिंह ने कहा कि इस यात्रा के दौरान गरीब वर्गों के लोगों, महिलाओं, युवाओं, किसानों, मध्यम वर्ग के लोगों के लिए केन्द्र व राज्य सरकार की स्कीमों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जा रही है ताकि उनके स्कीमों के प्रति जागरूकता पैदा हो और वे इनका लाभ उठा सकें। इस दौरान तहसीलदार जबेरा विवेक व्यास जी ने डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकरण कार्यक्रम के तहत कार्य पूर्णता पर ग्राम पंचायत सरपंचों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए बधाई दें। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी उपयंत्री भारत जैन ग्रामीण विकास ग्राम पंचायत द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर विभागीय अधिकारियों द्वारा विभाग से संचालित योजनाओं की प्रदर्शनी लगाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों विभागीय अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थित रही।

## विज्ञान प्रदर्शनी प्रेरणा कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

इंडियन पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी प्रेरणा का आयोजन किया गया ।सभी छात्रों ने विज्ञान प्रदर्शनी के चलित प्रतिरूप बनाए । कक्षा 3 री से 8 वी तक के सभी छात्रों ने अपनी -अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन दिया ।मुख्य निर्णायक के रूप में बीआरसी पी एल अहिरवार एवं आर के पांडे बीएसी उपस्थित हुए । विद्यालय प्रबंधन समिति के संचालक देवेंद्र राय ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तत्पश्चात मां भारती एवं मां सरस्वती का पूजन किया । मुख्य निर्णायक के रूप में पी एल अहिरवार एवं आर के पांडे और देवेंद्र राय ने विज्ञान चलित मॉडल पर अपने निर्णय में मैं क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय छात्रों को प्रतिभा अनुसार पुरस्कार वितरित किया । जिसमें प्राथमिक वर्ग से प्रथम स्थान पर आदित्य सिंह ने सिक्योरिटी डोर अलार्म में प्रथम स्थान प्राप्त किया । द्वितीय स्थान पर दिव्यांश केवट स्टीम टरबाइन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया । एवं तृतीय अंशु जैन ने हाइड्रोइलेक्ट्रिक पंप में तृतीय स्थान प्राप्त किया। माध्यमिक वर्ग से क्रमशः प्रथम अन्वी जैन ने हार्ट पंप पर प्रथम स्थान प्राप्त किया । वैष्णवी राजपूत ने चंद्रयान-3 में द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं तृतीय वेदांत शर्मा ने हाइड्रोइलेक्ट्रिक लिफ्ट में तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

### 1200 साप्ताहिक पाठ परायण महायज्ञ का हुआ समापन

**पन्ना।** पन्ना के प्रसिद्ध महामति श्री प्राणनाथ जी मंदिर में बीते 24 दिसंबर से आयोजित 1200 साप्ताहिक पाठ पारायण महायज्ञ का समापन शनिवार 30 दिसंबर सुबह 12 बजे संपन्न होगा। मालूम होगी भीषण ठंड के बावजूद भी हजारों की संख्या में देश विदेश के हजारों श्रद्धालु सुंदर साथ ने पहुंचकर इस महायज्ञ में शिरकत कर धर्म लाभ लिया। आयोजित धार्मिक महोत्सव में प्रथम दिन हरियाणा भिवानी से परमहंस महाराज संत शिरोमणि सदानंद जी महाराज की उपस्थिति रही। इसके अलावा नौतन पुरी जामनगर से जगतगुरु श्री कृष्ण मणि जी महाराज और महामंगल सूरत से गादीपति सूर्य नारायण जी महाराज, गाजियाबाद से सुदीप महात्मा जी के अलावा कई पुरिया से महाराज श्री ने आकर महायज्ञ आयोजन में भाग। अंतिम समापन के अवसर पर धर्मगुरु डॉक्टर दिनेश पंडित गुजरात आनंद से पन्ना पहुंचे और इस धार्मिक आयोजन में शिरकत की।

## भाजपा के मत प्रतिशत को बढ़ाने में कार्यकर्ता की अहम भूमिका-प्रीतम सिंह

### स्वदेशी की परिकल्पना को साकार करते हुए विकसित भारत का निर्माण हमारी प्राथमिकताः सतानंद गौतम भारतीय जनता पार्टी की जिला बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



भारतीय जनता पार्टी की जिला बैठक आज जिला कार्यालय में जिला प्रभारी सतानंद गौतम के आतिथ्य में और जिला अध्यक्ष एड प्रीतम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें अतिथिओ के साथ जिला महामंत्री गोपाल पटेल, सतीश तिवारी, रामेश्वर चौधरी भी मंचासीन रहें। बैठक में शामिल कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए जिला प्रभारी सतानंद गौतम ने कहा कि स्वदेशी तकनीक को आगे बढ़ाकर ही विकसित भारत का निर्माण करने के लिए भाजपा सरकार कार्य कर रही हैं, इसके लिए नरेन्द्र मोदी की गारंटी के रूप में विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव गांव जा रही हैं और पात्र हितग्राहियों को जन कल्याण की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा हैं, आप सब को आम जनता के लिए काम करना हैं और यही हमारी जीत का मूल मंत्र भी है, श्रम करने वाले कर्मवीरो के लिए विश्वकर्मा योजना बनाई गई है जिसका लाभ सभी कामकाजी शिल्पकारों को मिलने वाला है। मोदी ऐप, नमो ऐप के ब्रांड एम्बेसडर बनकर कार्य योजना पर आप सभी को कार्य करना है और जिन मतदाताओं के नाम कट गए हैं उनके लिए मतदाता पुनरिक्षण का अभियान चलाया जा रहा हैं उनके नाम पुनः जुड़वाने है। जिला अध्यक्ष एड प्रीतम सिंह ने चारों विधान सभा में विजय हासिल करने और पार्टी को जिले में 54 प्रतिशत वोट बैंक दिलाने के लिए कार्यकर्ताओं की कर्मठता की सराहना की और आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के लिए बूथ स्तर भाजपा के कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की। बैठक का संचालन रामेश्वर चौधरी ने किया और आभार गोपाल पटेल ने व्यक्त किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष रूपेश सेन, चंदभान पटेल, संजय सेन, अमित बजाज, जिला मंत्री वर्षा रैकवार, संजय यादव, अर्चना जैन, अनिता खरे, जिला कार्यालय मंत्री राम लाल उपाध्याय, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल,, जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र सिंह परिहार, जिला सह मीडिया प्रभारी महेन्द्र जैन, आई टी संयोजक रिंकू गोस्वामी, संदीप शर्मा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष भोला सराफ, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष हरिश्चन्द्र पटेल युवा मोर्चा अध्यक्ष भारत यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष शिखा जैन,अनुसूचित जाति अध्यक्ष गणेश जाटव , पिछड़ा वर्ग महामंत्री शिव शंकर कुशवाहा, मण्डल अध्यक्ष पवन तिवारी, कृष्णा राज, गोपाल पटेल, ललित पटेल, देवकी नंदन पटेल, लाखन सिंह, प्रदीप गुप्ता, रवि पटेल, भारत सिंह,राजा वीर सिंह, राजेश सिंघई, दान सिंह की उपस्थिति रही। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता उमा नेमा और भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष बिहारी लाल गौतम के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की गई।

## तय तिथियों में कराना होगा व्यय पुस्तिका का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नगर पालिका चुनाव में निर्वाचन व्यय संधारण हेतु निर्वाचन व्यय पुस्तिका राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रेषित की गई है, जो नगर पालिका/परिषद पटेरा के वार्ड मेम्बर पद के अभ्यर्थियों को प्रदान की जाना है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने रिटर्निंग ऑफीसर नगर परिषद पटेरा को निर्देशित करते हुए कहा है कि उक्त पद के अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय पुस्तिका निःशुल्क रूप से प्रदान किया जाना सुनिश्चित की जाये। साथ ही यदि कोई अभ्यर्थी नाम वापस लेता है या फार्म निरस्त हो जाता है, तो उस अभ्यर्थी से यह पुस्तिका वापस प्राप्त कर ही अभ्यर्थिता राशि वापसी की कार्यवाही की जाये। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने कहा है प्रत्येक अभ्यर्थी को उक्त निर्वाचन व्यय लेखा पुस्तिका का निरीक्षण 28 दिसम्बर, 31 दिसम्बर एवं 03 जनवरी 2024 को स्वयं या अपने एजेंट के माध्यम से कलेक्ट्रेट के जिला निर्वाचन कार्यालय दमोह के बैठक कक्ष में कराना आवश्यक होगा। यदि कोई अभ्यर्थी उपरोक्तानुसार व्यय पुस्तिका अवलोकन नहीं कराता है, तो उसके विरूद्ध म.प्र.न.पा.अधि. 1961 की धारा 32 गे के अधीन कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। उन्होंने कहा है वार्ड मेम्बर पद के समस्त अभ्यर्थियों को राजनैतिक दल द्वारा प्रदाय राशि/सामग्री की जानकारी रिटर्निंग ऑफीसर के समक्ष प्रस्तुत करना होगी, साथ ही प्रचार सामग्री का एक सेट मय बिल के रिटर्निंग ऑफीसर को प्रस्तुत करना होगी। रिटर्निंग ऑफीसर का यह दायित्व होगा के वार्ड मेम्बर पद के अभ्यर्थियों को प्रदान की गई आमसभा, रैली, वाहन, प्रचार कार्यालय, की अनुमति की एक प्रति उसी दिन प्रभारी अधिकारी व्यय लेखा एवं प्रभारी अधिकारी वीडियोग्राफी को भिजवाएं। बैनर/फ्लेक्स की अनुमति जारी करने के पहले देखा जाये कि अभ्यर्थी द्वारा बैनर आदि का किराया संबंधित निकाय में नियमानुसार जमा करा दिया गया है अथवा नहीं। निर्वाचन समाप्ति के पश्चात वार्ड मेम्बर पद के अभ्यर्थी अपना निर्वाचन व्यय से संबंधि संपूर्ण रिकार्ड मूल रूप से निरीक्षण अधिकारियों को अवलोकन कराएंगे, साथ ही व्यय पुस्तिका में अंत में दिए गए भाग 1 से 3, अनुसूची 1 से 9 मय शपथपत्र के साथ में जमा कराकर प्राप्ति रसीद प्राप्त करेंगे।

## शासकीय कन्या उमावि में विदाई समारोह संपन्न, शिक्षका राजकुमारी शर्मा हुई सेवानिवृत्त







**अमानगंज ।** नगर अमानगंज के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षका राजकुमारी शर्मा दिनांक 31 दिसंबर 2023 को सेवानिवृत्ति हो रही है। जिनका विदाई समारोह आज दिनांक 23 दिसंबर 2023 को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक, विशिष्ट अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रशांत चतुर्वेदी, अमानगंज पुलिस थाना प्रभारी महेंद्र भदोरिया, पूर्व प्राचार्य एसके शर्मा, संस्था प्राचार्य मनीष कुमार राजा की मौजूदगी में कार्यक्रम आरंभ हुआ सर्वप्रथम मां वीणा वादिनी का पूजन अर्चन किया गया तत्पश्चात स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ और फिर कार्यक्रम में आए आगंतुक अतिथियों का फूल माला पहना कर एवं रोली तिलक से स्वागत किया गया। इसके बाद कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई तथा विभिन्न वक्ताओं ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छात्राओं को छात्र जीवन संबंधी विभिन्न नसीहतें दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक, पूर्व नपा उपाध्यक्ष मुकेश चौबे, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रशांत चतुर्वेदी, भाजपा महामंत्री प्रदीप अवस्थी, पूर्व प्राचार्य एसके शर्मा, संस्था प्राचार्य मनीष कुमार रेजा, प्राचार्य सुरेंद्र कुमार द्विवेदी सहित तमाम शिक्षा विभाग एवं शिक्षक एवं शिक्षकायें मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### 26 हजार रूपये की चालानी कार्रवाही

**दमोह।** कलेक्टर मयंक अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत जिले में पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आज जबलपुर नाका पर परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी, सीएसपी अभिषेक तिवारी ने संयुक्त रूप से बसों, ट्रक सहित अन्य चार पहिया वाहनों की जाँच की। इस अवसर पर 26 हजार रूपये की चालानी कार्यवाही की। इस दौरान आरआई एवं यातायात टीआई सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### विभिन्न ग्रामों में पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**दमोह।** विकसित भारत संकल्प यात्रा आज 31 दिसम्बर को दमोह विकासखण्ड के सेमरा मडिया सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरा मडिया में प्रातः 9:30 बजे एवं ग्राम पंचायत दतला में दोपहर 1:30 बजे से तथा बटियागढ़ विकासखण्ड के बकायन सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत मोठा में प्रातः 10 बजे एवं ग्राम पंचायत चेनपुरा में दोपहर 02 बजे से आयोजित की जायेगी।

### जल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक 2 को

**दमोह।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत दमोह जिले के विकासखण्ड बटियागढ़ एवं पथरिया के विभिन्न ग्रामों की योजनाएं रेट्रोफिटिंग योजना के तहत स्वीकृत हुई थी, परंतु ग्राम में सम्मिलित बसाहटो/मोहल्ले दूर-दूर बसे होने के कारण उन परिवारों को हर घर जलए नल कनेक्शन उपलब्ध न होने के कारण पुनरीक्षित योजनाऐं तैयार की गई है। जिनको जिला जल एवं स्वच्छता मिशन समिति (डी.डब्ल्यू.एस.एम.) से अनुमोदनार्थ हेतु बैठक 02 जनवरी 2024 को कार्यालय कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में टी.एल. बैठक के बाद आयोजित की गई है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड दमोह ने समस्त संबंधितों से उक्त बैठक में उपस्थित होने हेतु आग्रह किया है।

### कोहरे को देख कर सावधानी पूर्वक चलाये वाहन

**कुण्डलपुर।** श्री दिगंबर जैन सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर अध्यक्ष चंद्र कुमार सराफ ने 30 दिसंबर की शाम से ही फैले कोहरे को देख कर नव वर्ष मनाने 31 दिसंबर की रात्रि में कुंडलपुर पहुचने वाले यात्रियों से निवेदन किया है कि कोहरे में सावधानी पूर्वक वाहन चला कर पधारें। यहां सभी वांछित तैयारियां है।

## दोनों राज्यमंत्री ने वरिष्ठ पूर्व मंत्रियों से लिया आशीर्वाद

# राज्यमंत्री श्री लोधी को पर्यटन, राज्यमंत्री पटैल को पशुपालन विभाग की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव के मंत्रिमंडल गठन के साथ दमोह जिले को राज्य मंत्री के रूप में लखन पटेल और धर्मेद्र लोधी के रूप में दो मंत्रियों की सौगात मिली है। देर शाम प्रदेश के नये मंत्रीमंडल में मंत्रियों के विभाग बांटे दिये गये जिसमें राज्यमंत्री धर्मेन्द्र लोधी को संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व मंत्रालय की जिम्मेदार तो वहीं राज्यमंत्री लखन पटेल को पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय की जिम्मेदार दी गई जिसके बाद आगामी दिनों में वे भोपाल जाकर अपने अपने मंत्रालय में जाकर चार्ज संभालेंगे।



मंत्री लखन पटेल और धर्मेद्र लोधी ने शनिवार को दमोह पहुंचकर वरिष्ठ नेता जयंत मलैया से उनके आवास पर मुलाकात करके आशीर्वाद लिया। इस दौरान यहां मौजूद पार्टी नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्म जोशी से स्वागत किया।

मंत्री बनने के बाद प्रथम बार सागर होते हुए अपने विधानसभा क्षेत्र पथरिया पहुंचने के पहले लखन पटेल गढ़ाकोटा में वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव से मुलाकात करके उनका आशीर्वाद लिया था वह सेट भार्गव ने उनका गर्मजोशी से स्वागत करते हुए बधाइयां दी थी। इसी आज श्री पटेल के साथ धर्मेंद्र लोधी भी पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया के दमोह से आवास पहुंचे जहां उन्होंने श्री मलैया का आशीर्वाद लिया और मलैया ने उन्हें मंत्री बनने की बधाइयां दी। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी नेता कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

### राज्य मंत्री लखन पटेल क्षेत्र विकास हेतु संकल्पित

दमोह जिले के पथरिया विधानसभा क्षेत्र से दूसरी बार विधायक निर्वाचित होने के बाद मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव के मंत्रिमंडल में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार का दर्जा प्राप्त करने वाले श्री लखन पटेल के पथरिया क्षेत्र पर प्रथम आगमन पर स्वागत और आभार का दौर जारी है। मध्य प्रदेश कैबिनेट में मंत्री बनाए जाने के मामले में श्री पटेल मैं कहां की भाजपा में कार्यकर्ताओं का मूल्यांकन पार्टी करती है। तभी तो उन जैसे साधारण कार्यकर्ता दूसरी बार के विधायक को मंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई है। श्री पटेल ने पथरिया क्षेत्र की कोपरा व सुनार नदी तक नर्मदा जल लाने कार्य योजना बनाकर क्षेत्र के जल संकट के समाधान को अपनी प्राथमिकता बताई है।

# इमलाई सहित अन्य क्षेत्रों के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी- राज्यमंत्री पटेल

## राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने ग्राम इमलाई को गोद लिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने ग्राम इमलाई में आयोजित आमसभा को संबोधित करते हुए कहा इमलाई सहित अन्य क्षेत्रों के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी। हर संभव विकास के रास्ते खोले जायेंगे और क्षेत्र के समृद्धि तथा खुशहाली के लिए प्रयास किये जायेंगे। आज श्री पटेल ने ग्राम इमलाई को गोद लिया है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री तथा दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया की गरिमामय उपस्थिति रही। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतो में शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इन शिविरो में आए और लाभ उठाये। इस मौके पर दमोह विधायक एवं पूर्व मंत्री जयंत कुमार मलैया ने कहा प्रधानमंत्री जी द्वारा आमजन के उत्थान के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाए संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ ले। इस मौके पर श्री मलैया का फलो से तुलादान किया गया। इस मौके पर जनप्रतिनिधिगण, आमजन मौजूद रहे।

## बाडी से कुंडलपुर पदयात्र आज गाजे बाजे से पहुंचेगी कुंडलपुर

**पटेरा।** श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र बाडी से 20 पदयात्री 280 किमी की पदयात्रा कर रात्रि विश्राम पटेरा में कर 2 सुबह 10 बजे कुंडलपुर पहुचेंगे। पदयात्रियों का जत्था पटेरा से गाजे बाजे व डी जे पर भजन बजाते हुये नाचते गाते कुंडलपुर में प्रवेश कर सीधे बडे बाबा के दर्शन करेंगे। पदयात्रा प्रमुख नीरज जैन ने बताया कि यह तीसरा वर्ष है जब वह नव वर्ष के एक दिवस पूर्व कुंडलपुर पदयात्रा कर आ रहे है। 20 दिसंबर 2023 से प्रारंभ हुई यह यात्रा 30 को पटेरा पहुंची व कल 31 दिसंबर को 10 बजे कुंडलपुर पहुंच जायेगी। रास्ते भर स्वागत किया गया। सभी नव युवक पदयात्री युवकों में धर्म के प्रति रूचि बढानेव जन सेवा में रहने व परोपकार की भावना जगाने यह यात्रा कर रहे है।

## निशक्तजनों एवं वृद्ध जनों को निशुल्क कंबल वितरित



**दमोह।** बहु बहुउद्देशीय निःशक्त कल्याण परिषद दमोह द्वारा स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला में 150 से अधिक निःशक्तजनों एवं वृद्ध जनों को कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें आशीर्वाद माननीय गिरजाबाई चतुर्वेदी गुरु मां का रहा, मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पंडित मनु मिश्रा, पूर्व एसडीओ जीडी नामदेव, सावन राकेश सिंघाई, कार्यक्रम प्रमुख पंडित पीसी शर्मा, परिषद अध्यक्ष एलपी नामदेव, परिषद सचिव डॉक्टर केदारनाथ शर्मा मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ साथ ही गुरु मां गिरजाबाई चतुर्वेदी को श्रीफल एवं शाल पहनकर आशीर्वाद प्राप्त किया। संस्था के परम सहयोगी समाज सेवी स्वर्गीय बिहारी लाल जी गौतम को 2 मिनट की मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पंडित मनु मिश्रा ने कहा कि विगत कई वर्षो से परिषद द्वारा निशक्तजनों एवं वृद्ध जनों को सहायता हेतु कार्यक्रम का आयोजन प्रतिवर्ष 30 दिसंबर को किया जाता है। मैं भी अपने स्वर्गीय पिता जी की स्मृति में परिषद के कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाता हूं। नामदेव सर शिक्षक रहते हुए निरंतर समाज सेवा का कार्य करते रहे है जब तक यह कार्यक्रम निरंतर चलता रहेगा मैं भी अपना सहयोग करता रहूंगा। परिषद की संपूर्ण टीम को सराहनीय कार्य के लिए मैं धन्यवाद एवं आभार प्रकट करता हूं।

## मीट विक्रेताओं को प्रशासन ने दी समझाईश



**दमोह।** खुले में मच्छी, मांस, मटन विक्रय न हो इसी को लेकर शासन द्वारा आए आदेश का कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रशासन, नगरीय प्रशासन और कोतवाली पुलिस ने शनिवार शाम चरियाई बाजार, बस स्टैंड, किल्लाई नाका और भी स्थान पर पहुंचकर निरीक्षण किया और दुकानदारों को समझाइस दी कि खुले में मांस विक्रय न करें, जो आप लोगों को जो जगह मिली है उधर जाएं। इस दौरान कोतवाली टीआई विजय सिंह राजपूत, नगर पालिका से मेघ तिवारी और भी नगरपालिका अमला, पुलिस बल विशेष रूप से मौजूद रहा। वहीं मीट विक्रय करने बालों का कहना है कि आखिर हम कहां यह सब विक्रय करें, अगर हटा नाका की जमीन दी जा रही है तो वहां व्यवस्थित दुकान बना कर दें।

# पात्र हितग्राही वंचित हैं, ऐसे सभी लोगों के नाम जोड़े जाएंगे -पूर्व मंत्री श्री मलैया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

पूरे देश में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई जा रही है जिसके तहत कैंप लगाए जा रहे हैं। इसी संदर्भ में अभाना में भी कैंप लगाया गया है, यहा पर केंद्र शासन और राज्य शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित पात्र हितग्राहियों का रजिस्ट्रेशन कराया जाएगा। जिनका प्रधानमंत्री आवास का रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है, उनका रजिस्ट्रेशन होगा जिससे उन्हें आवास मिल सके। इस आशय की बात दमोह विधायक एवं पूर्व मंत्री जयंत कुमार मलैया ने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आभाना में आयोजित शिविर के दौरान कही। उन्होंने कहा आयुष्मान योजना के जिनके पास कार्ड नहीं हैं, वह अपनी कार्यवाही करें जिससे आयुष्मान योजना का कार्ड मिले और वह 5 लाख रूपये तक का अपने परिवार का इलाज करा सके। इस मौके पर वेयरहाउस





कार्पोरेशन एवं लॉजिस्टिक अध्यक्ष राहुल सिंह लोधी, किशोर अग्रवाल मंचासीन रहे। पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक श्री मलैया ने कहा किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और अन्य योजनाओं से जो पात्र हितग्राही वंचित हैं, लेकिन इन योजनाओं के लिए पात्र हैं ऐसे सभी लोगों के नाम इसमें जोड़े जाएंगे। उन्होंने कहा स्वास्थय शिविर भी लगाए जा रहे हैं, इनमें शुगर, ब्लड प्रेशर एवं अन्य जांच की जा रही हैं और यदि उन्हें कहीं कोई समस्या हैं, तो उन्हें अस्पताल रेफर किया जाएगा, जहां उनका इलाज किया जाएगा। जिनकी पात्रता है यदि उनके पास सारे दस्तावेज नहीं है तो उनके दस्तावेज भी पूरी तरह से तैयार करने की कोशिश की जाए, जिससे वह किसी भी लाभ से वंचित ना रहे। म.प्र. वेयर हाऊसिंग लॉजिस्टिक एवं कॉर्पोरेशन अध्यक्ष राहुल सिंह लोधी ने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा का क्रम चल रहा है, यह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की डबल इंजन की सरकार है। केंद्र में मोदी जी, प्रदेश में मोहन जी और जिले में हमारे मलैया जी इन तीनों का जोड़ है, इसको मिलकर हम इस जिले को विकसित और विकासशील करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा शिविर के माध्यम से एक छोटा सा प्रयास है कि हमारी जो जरूरत की समस्या है उनका निराकरण एसडीएम, तहसीलदार एवं राजस्व की सभी अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी यहां उपस्थित हैं, संबंधित विभाग की टेबल पर जाए और जो भी समस्या हैं उनका निराकरण करने का प्रयास करें। यदि निराकरण इस समय नहीं हो पता है तो दूसरे चरण में फिर से कैंप लगायें जायेंगे, उसमें आपकी समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास करेंगे इस अवसर पर दमोह विधायक श्री मलैया ने विकसित भारत संकल्प के तहत शपथ दिलाई। इस दौरान जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारीगण, ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## खाद सुरक्षा पदार्थों की नहीं हो रही जांच

**पथरिया।** जिलें में आये दिन खाद सुरक्षा पदार्थों की जांच जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा की जाती है पर अनुविभागीय मुख्यालय में कभी कोई अधिकारी जांच करने नही आते । या फिर मोबाइल पर खानापूर्ति कर लेते हो ऐसा लगता है। क्योंकि हर बड़े त्यौहारों पर जमकर मिलावटी सामग्री का विक्रय हो जाता हैख पर जब कोई ध्यान ही नही देने वाले तो सब कुछ संभव है । जब जब निरीक्षण हुए तब मिलावटी सामग्री पाई गई पर उसके बाद भी महीनों बीत जाते है पर कभी कोई चर्चा तक नही होती। ऐसे में आम आदमी को किस खाद सुरक्षा सामग्री में क्या मिलावट हो रही है कोई जानकारी ही नही है। जब जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नही दे तो इसे क्या कहा जाए। क्या जिम्मेदार जिले के अधिकारी खाद सुरक्षा पदार्थों की बिना किसी सूचना दिए जांच कर पायेगी। ऐसी जनापेक्षा है।

# बंदर के हमला से महिला घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

नगर के अब्दुल्ला वार्ड नं.6 में अपने मकान की छत पर काम कर रही एक महिला पर अचानक दो बंदरों ने हमला कर दिया। इससे बचने के लिए दौड़ते समय महिला सीडी.से फिसलकर बुरी तरह से घायल हो गई। जिससे महिला के हाथ, पैर एवं सिर में गंभीर चोटें आई। उन्हें तत्काल स्थानीय सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल महिला के बड़े.भाई डॉ. महबूब खान, हसन खान ने बताया की मेरी बहन मलका बी उर्फ सूखी उम्र लगभग 47 वर्ष दोपहर 12 बजे दिन में छत पर उड़द दाल की बरी लगा रही थी। अचानक दो बंदर कही से आए और उस पर हमला कर दिया! जिससे बचने के लिए वह सीडी. की तरफ भागी । और वहां से गिर गई। जिससे उसका सिर में गंभीर चोटे आईं। एवं हाथ पैरों में भी चोटें आई हैं। तत्काल ही उसे सरकारी अस्पताल ले गए, जहाँ पर उसके सिर में चिकित्सक व्दारा 09 टाके लगाकर मरहम पट्टी कर दी गई। वही नगर के लोगो का कहना है कि बंदरों के उत्पात से वन विभाग अंजान बना हुआ है। एवं कोई भी नकेल नही कस रहा है। बंदर नगर में आये दिन कोई ना कोई नया गुल खिला रहे है । वर्तमान मे प्रशासन इन आबादी मे घुस आये बंदरों के हमले को रोकने में नाकाम हो रहा है। आज कल दो बन्दर कई दिनों से नगर के चारों तरफ बेरोकटोक घूमते एवं उछल कूद मचाते देखे गये हैं। बन्दरों के हमले से घायल एवं परिजनों के द्वारा शासन प्रशासन एवं वन विभाग मुआवजा दी जाने की मांग की गई है। एवं आवारा बंदरों को यथा स्थान जंगल मे छोड़ने की अपेक्षा आमजनता ने की है।

# बच्चों को शाला में दी सेफ्टी एंड सिक्योरिटी जानकारी

**दमोह।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुड़िया में प्राचार्य श्रीमती शोभा दीवान के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के वार्षिक गतिविधि कार्यक्रम का आयोजन शाला में किया गया जिसमें विद्यालय के शिक्षक जयकुमार जैन के द्वारा सेफ्टी एंड सिक्योरिटी के अंतर्गत, आपदा प्रबंधन, सुनामी, भूकंप ,आदि से निपटने हेतु जानकारी दी गई तथा एक मॉक ड्रिल करके भी उनको समझाया गया एवं यातायात के नियमों को विस्तार पूर्वक समझाते हुए उन्हें अवगत कराया गया। स्वयं भी ट्रैफिक रूल्स का पालन करें और हमारे गांव शहर के लोगों को भी ट्रैफिक रूल्स के बारे में जानकारी दें। ताकि दुर्घटनाएं कम से कम हो राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री रूपचंद पटेल एवं विद्यालय के सभी स्टाफ कार्यक्रम में मौजूद रहे तथा कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था बुन्देलखंड नव निर्माण संगठन एवं युवा जन कल्याण समिति का सहयोग रहा।

## हॉकी महिला प्रतियोगिता का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

के एन गर्ल्स कॉलेज द्वारा संभाग स्तरीय हॉकी महिला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. एल. जैन की अध्यक्षता में हुआ। प्रतियोगिता में 3 टीमों ने भाग लिया दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, फाइनल मैच दमोह एवं टीकमगढ़ के बीच खेला गया जिसमें टीकमगढ़ विजेता, दमोह उपविजेता रही प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि डॉ के. पी. अहिरवार अग्रणीय प्राचार्य पी. जी. महाविद्यालय दमोह, डॉ अरुणा एम. जैन क्रीड़ा प्रभारी, क्रीड़ा अधिकारी सुश्री प्रिया थापा, महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी एन. पी. नायक, वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी डॉ व्ही. पी. सिंह, डॉ दीपेन्द्र यादव, सत्यनारायण लाडिया, अनिल झा, श्रीमती निष्ठा दुबे,सोशिया खान,महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रही।

# पुराने प्रकरणों के निराकरण में जिला न्यायालय अग्रणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

उच्च न्यायालय जबलपुर के मुख्य न्यायाधिपति श्री रवि मलिमथ के निर्देशन में प्रदेश में 25 पुराने प्रकरण के निराकरण की स्कीम के अंतर्गत पोर्ट फोलियो न्यायमूर्ति श्री जी.एस. अहलूवालिया के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय दमोह के अंतर्गत लंबित सर्वाधिक पुराने 25 प्रकरण के प्रत्येक तिमाही में निराकरण हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसमें सर्वाधिक पुराने लंबित 2228 प्रकरणों की सूची उच्च न्यायालय की ओर प्रेषित की गयी थी, जिसके पालन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दमोह श्रीमती रेणुका कंचन की अगुवाई में जिला स्थापना अंतर्गत कार्यरत समस्त न्यायालयों द्वारा समस्त तिमाही में कुल 2073 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। इस प्रकार वर्ष 2023 में जिला स्थापना दमोह के समस्त न्यायालयों (दमोह/तहसील हटा, तहसील पथरिया एवं तहसील तेंदूखेड़ा) द्वारा निराकृत प्रकरणों का प्रतिशत 93.04 रहा है। उक्त प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण के लिये जिला न्यायालय दमोह के अधिवक्तागणों का योगदान भी सराहनीय व सकारात्मक रहा है। साथ ही कई वर्षों से लंबित चल रहे प्रकरणों के निराकरण से पक्षकारों में भी हर्षोल्लास है।